भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1771

11.02.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

कलादान बहुआयामी पारगमन परिवहन परियोजना

1771. श्री सी. लालरोसांगा:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कलादान बहुआयामी पारगमन परिवहन योजना के निर्माण का ब्यौरा तथा प्रगति और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) उक्त अवधि के अंतर्गत आवंटित तथा उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) किए गए कार्य की स्थिति तथा इस परियोजना के पूरे होने की संभावित तिथि क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) कलादान मल्टी मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट में म्यांमार में सितवे पोर्ट से पलेटवा तक कलादान नदी पर 158 किमी के जलमार्ग और मिजोरम राज्य में भारत-म्यांमार सीमा पर पलेटवा से ज़ोरिनपुई तक 109 किमी लंबी सड़क का निर्माण शामिल है।

(ख) केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अक्टूबर 2015 में अनुमोदित संशोधित परियोजना लागत 2904.04 करोड़ रुपए है। आज की तारीख तक 629 करोड़ रुपए की धनराशि का उपयोग किया गया है।

(ग) सितवे में बंदरगाह और अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल; पलेटवा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल और संबंधित सुविधाएं; सितवे से पलेटवा तक कलादान नदी के किनारे नौवहन चैनल; और छह स्व-चालित आईडब्ल्यूटी जलयानों वाले जलमार्ग घटक को पूरा कर लिया गया है। भारत और म्यांमार की सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्त एक पोर्ट संचालक ने फरवरी 2020 से बंदरगाह का रखरखाव शुरू कर दिया है। म्यांमार में सुरक्षा की स्थिति और चल रही कोविड-19 महामारी के कारण सड़क घटक के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी रही है। परियोजना को तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

***